आकाशवाणी भोपाल
प्रादेशिक समाचार

दिनांक 01.05.2025 समय: 2.10 PM

प्रधानमंत्री वेव्स

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज मुंबई के जिओ वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में पहले वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंटरटेनमेंट सम्मेलन-वेव्स का उद्घाटन किया। इस अवसर पर श्री मोदी ने कहा कि यहां वेव्स शब्द से तात्पर्य है संस्कृति, रचनात्मकता और विश्व से जुडने की लहर। उन्होंने कहा कि यह वैश्विक मंच है जो कलाकारों और रचनाकारों के नये विचारों को बढावा देगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि वेव्स सम्मेलन में सौ से अधिक देशों के कलाकार, नवोन्मेषक, निवेशक तथा नीति निर्माता एक मंच पर साथ आये हैं। वेव्स बाजार पहल की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह नवोन्मेषकों और रचनाकारों को प्रोत्साहित करेगी।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि वेव्स सम्मेलन में भारत की रचनात्मक ताकत वैश्विक मंच पर उजागर होगी। उन्होंने कहा कि भारत, फिल्म निर्माण, डिजिटल विषय-सामग्री, गेमिंग, फैशन, संगीत और लाइव कन्सर्ट के लिए वैश्विक केन्द्र के रूप में उभर रहा है। सम्मेलन में कई फिल्मी हस्तियां और मनोरंजन दुनिया के दिग्गज हिस्सा ले रहे हैं। सभी ने इस प्रयास की सराहना की है। फिल्म अभिनेता सैफ अली खान ने कहा कि यह प्रधानमंत्री और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की बहुत अच्छी पहल है।

मुख्यमंत्री आज

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज खंडवा जिले के हरसूद में आयोजित तेंदूपत्ता, वन समितियों और जनजातीय सम्मेलन में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा सम्मेलन में छ्ड़ी वितरण एवं विभिन्न हितलाभ वितरण किया जायेगा। इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव विभिन्न विकास कार्यों का भूमि-पूजन एवं लोकार्पण भी करेंगे। मुख्यमंत्री जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम में भी शामिल होंगे। इसके पहले मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गढ़ाकोटा, जिला सागर में आयोजित सामूहिक विवाह में सम्मेलन हिस्सा लेकर वर वधुओं को आर्शीवाद दिए।

मजदूर दिवस

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि श्रमिकों के तप, त्याग और पुरुषार्थ से ही विकास का हर संकल्प साकार होता है। आज भोपाल में घरों में काम करने वाली कामकाजी महिलाओं और श्रमिकों के लिए विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। ये शिविर भोपाल की 21 तंग बस्ती क्षेत्रों में आयोजित किए जा रहे हैं।

समाचार संक्षेप

- ग्वालियर जिले में आज श्रमिक दिवस के अवसर पर शासन की “शक्ति दीदी” पहल के तहत 10 और जरूरतमंद महिलाओं को फ्यूल डिलेवरी वर्कर की जिम्मेदारी दी जा रही है।
- गुना में कल रात एक विवाह समारोह में जा रहे युवकों की कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसे में 4 युवकों की मौत हो गई। तीन युवक घायल हैं।
- शिवपुरी जिले के करैरा में एनीमिया मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत आज अंतर्विभागीय बैठक का आयोजन किया गया।
- अनूपपुर जिले की पुष्पराजगढ तहसील के ग्राम लांघ टोला पटना में कार और बाईक की भिडंत में बाइक सवार की मौक पर ही मौत हो गई।
- आईपीएल टी20 क्रिकेट में आज राजस्थान रॉयल्स और मुंबई इंडियंस का मुकाबला जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में शाम साढ़े सात बजे होगा।